मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **12.01.2020**

मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची

विज्ञप्ति संख्या - 49/2020

12 जनवरी 2020

विवेकानन्द सरोवर(बड़ा तालाब), रांची

=======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रांची के विवेकानन्द सरोवर (बड़ा तालाब) स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

★मुख्यमंत्री ने झारखंड के युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का किया आह्वान

=======================

★स्वामी विवेकानन्द के विचार और आदर्श युवाओं में शक्ति एवं ऊर्जा का संचार करता है

★युवा शक्ति से अपनी संपूर्ण ऊर्जा और क्षमता राज्य के नवनिर्माण के कार्यों में लगाएं

--हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

=======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता सहित देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने महान दार्शनिक और समाज सुधारक विवेकानंद जयंती के अवसर पर कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय दर्शन को पूरे विश्व में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने झारखंड का नाम भी देश और दुनिया में अंकित करने का काम किया है। उनके विचार और आदर्श युवाओं में शक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। मुख्यमंत्री ने झारखंड के युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रांची के विवेकानन्द सरोवर (बड़ा तालाब) स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहीं।

राज्य एवं देश की प्रगति युवा शक्ति में निहित

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे राज्य एवं देश की प्रगति युवा शक्ति में निहित है। उन्होंने राज्य की युवा शक्ति से अपनी संपूर्ण ऊर्जा और क्षमता राज्य के नवनिर्माण के कार्यों में लगाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के बल पर झारखंड विकास के पथ पर एक नया आयाम स्थापित कर सकेगा। उन्होंने युवाओं को अपने कार्य क्षमता पर भरोसा रखते हुए निर्भीक होकर किसी भी काम को पूरा करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने स्वामी जी की संवेदनशीलता , त्याग और समर्पण को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्शों पर चलकर ही विकसित समाज का निर्माण किया जा सकेगा।

स्वामी विवेकानन्द ने मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द भारत के महान विभूति थे। उन्होंने देश और दुनिया को मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया।

"उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाय"

इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री श्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी के जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। स्वामी विवेकानन्द युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने ही हमारे देश के समाज में ऊंच-नीच, छुआछूत,भेदभाव के खाई को समाप्त करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी ने युवाओं को एक संदेश दिया था "उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाय" उन्होंने सभी से स्वामी विवेकानन्द के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की।

इस अवसर पर पर्यटन , कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव श्री राहुल शर्मा , भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री सुनील कुमार, रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी भवेशानन्द, समाज सेविका श्रीमती महुआ मांझी, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री गोपाल जी तिवारी , खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक श्री अनिल कुमार सिंह , एसडीओ रांची श्री लोकेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

###

=================

#Team PRD (CMO)